**श्री सभापति :** क्वैश्चन नं0 322 श्री शाहिद सिद्दिकी ।

## उर्दू चैनल का विस्तार

*322 **श्री शाहिद सिद्दिकी :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि **:**

(क) उर्दू चैनल के विस्तार के लिए सरकार क्या प्रयास कर रही है ;

(ख) इसमें कितने लोगों को रोजगार दिया गया है ;

(ग) क्या उर्दू चैनल उर्दू भाषा क्षेत्रों से गायब रहता है ; और

( घ) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ?

**सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री प्रियरंजन दास मुंशी) :** (क) से (घ) एक विवरण सभा पटल पर रख दिया है ।

### विवरण

(क) प्रसार भारती ने सूचित किया है कि दूरदर्शन ने दिनांक 15.8.2006 को उर्दू में एक अनन्य चैनल शुरू किया है जिसमें संस्कृति, विरासत, सहित्य, मनोरंजन, सूचना और शिक्षा आदि से संबंधित कार्यक्रम शामिल हैं । चैनल का विस्तार सॉफ्टवेयर की पर्याप्तता पर निर्भर करेगा ।

(ख) अनन्य रूप से उर्दू चैनल के लिए 11 व्यक्तियों को संविदात्मक रोजगार दिया गया है ।

(ग) और (घ) डी डी उर्दू चैनल के सिगनल बिना किसी छाया क्षेत्र के पूरे भारत में मौजूद हैं और इसलिए ये देश भर में अभिग्रहण हेतु उपलब्ध हैं ।

## Expansion of Urdu Channel

†322. SHRI SHAHID SIDDIQUI: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) the efforts being made by Government to expand Urdu Channel;

(b) the number of people who have been given employment in it;

(c) whether Urdu channel is not available in Urdu speaking regions: and

(d) if so, the reasons therefor?

†Original notice of the question was received in Hindi

THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING /SHRI PRIYARANJAN DASMUNSI): (a) to (d) A Statement is laid on the Table of the House.

***Statement***

(a) Prasar Bharati have informed that Doordarshan has launched an exclusive channel in Urdu on 15.8.2006 which contains programmes relating to culture, heritage, literature, entertainment, information and education etc. Expansion of the channel would depend on sufficiency of software.

(b) Contractual employment has been given to 11 person exclusively for Urdu channel.

(c) and (d) The foot-print of DD Urdu is across India without any shadow zones and is, therefore, available for reception in the entire country.

**श्री शाहिद सिद्दिकी :** सर, मंत्री जी ने जवाब दिया है कि उर्दू चैनल के लिए कुल 11 लोग contractual basis पर employ किए हैं। सर, किसी भी चैनल को चलाने के लिए कम-से-कम 60-70 लोग चाहिए होते हैं, यह बात जो चैनल चलाते हैं वे जानते हैं। सर, उर्दू का यह हश्र पिछले 60 वर्ष से ये करते आए हैं, उर्दू के साथ slow poisioning करते आए हैं और आज फिर वही काम हो रहा है। सर, यह टोकनिज्म है, आप ने दिखावे के लिए उर्दू चैनल खड़ा कर दिया, लेकिन उस में न लोगों को employ किया गया, न उर्दू वालों का उस में इनवॉल्वमेंट है और न वह कहीं दिखाया जा रहा है। सर, मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि इस चैनल को स्लों डैथ से बचाने के लिए, आप जो इस की नेचुरल डैथ कराने जा रहे हैं, उस से इस को बचाने के लिए, आप क्या कदम उठा रहे हैं ताकि यह ज्यादा-से-ज्यादा लोगों तक पहुंचे, पॉपुलर हो और इस की मार्केटिंग के लिए आप ने क्या किया है ?

**شری شاہد صدیقی** : سر، منتری جی نے جواب دیا ہے کہ اردو چینل کے لئے کل 11 لوگ contractual basis پر ایمپلائے کئے ہیں۔ سر، کسی بھی چینل کو چلانے کے لئے کم سے کم 70-60 لوگ چاہئے ہوتے ہیں، یہ بات، جو چینل چلاتے ہیں، وہ جانتے ہیں۔ سر، اردو کا یہ حشر پچھلے 60 سالوں سے یہ کرتے آئے ہیں، اردو کے ساتھ سلو پوئسننگ کرتے آئے ہیں اور آج پھر وہی کام ہو رہا ہے۔ سر، یہ ٹوکنزم ہے، آپ نے دکھاوے کے لئے اردو چینل کھڑا کر دیا، لیکن اس میں نہ

† [ ] Transliteration in Urdu Script.

لوگوں کو ایمپلائے کیا گیا، نہ اردو والوں کا اس میں انوولومینٹ ہے اور نہ یہ کہیں دکھایا جا رہا ہے۔ سر، میں منتری جی سے جاننا چاہتا ہوں کہ اس چینل کو سلو ڈیتھ سے بچانے کے لئے، آپ جو اس کی نیچرل ڈیتھ کرائے جا رہے ہیں، اس سے اس کو بچانے کے لئے آپ کیا قدم اٹھا رہے ہیں تاکہ یہ زیادہ سے زیادہ لوگوں تک پہنچے، پاپولر ہو اور اس کی مارکٹنگ کے لئے آپ نے کیا کیا ہے؟

**श्री प्रियरंजन दास मुंशी :** सर, जहां तक उर्दू चैनल की बात है, यह बात सही है कि हमें शुरू-शुरू में " बेसिल " के द्वारा 11 स्पेशलिस्ट्स को कांट्रैक्ट सर्विस पर लेना पड़ा क्योंकि दूरदर्शन और प्रसार भारती के अंदर सारे लोगों की नियुक्ति और जितने कैजुअल्स हैं, उन का फैसला करने के लिए सरकार की तरफ से ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स का काम चल रहा है जिस का निर्णय जल्द ही आ जाएगा। उर्दू के लिए अलग से एक पूरे 24 अवर चैनल के लिए हमारा प्रपोजल प्लानिंग कमीशन में पहुंच गया है जिस ने 11 वीं योजना में 5 साल तक हमें करीब 550 करोड़ लागत लगाकर इस चैनल को बेहतरीन ढंग से पूरे देश के सामने पहुंचाने के लिए सरकार ने निर्णय लिया है । उस समय जनवरी से फरवरी तक हमारे उर्दू चैनल में हम और ज्यादा लोगों को रेगुलरली भी रखेंगे और कांट्रैक्ट बेसिस पर भी लेंगे।

**श्री शाहिद सिद्दिकी :** सर, मुझे पता नहीं जो 11 लोग लिए गए हैं, वे उर्दू जानते हैं या नहीं, लेकिन मुझे उम्मीद है कि शायद जानते होंगे। सर, इस चैनल की प्लानिंग दो-ढाई साल से चल रही थी बल्कि उन के जमाने में मैंने श्री रवि शंकर प्रसाद जी को प्रपोजल दिया था और उस के बाद बार-बार उन से मिला था। मैं जानना चाहता हूं कि जब आप प्लानिंग कर रहे थे और दो-ढाई-तीन साल की प्लानिंग की बात हम से कही गयी कि तैयारी हो रही है, लेकिन आज आप जो कुछ दिखा रहे हैं वह उर्दू के नाम पर एक मजाक है, एक चैनल के नाम पर मजाक है और यह एक तरह से उर्दू का अपमान है। इसलिए आप इसे बंद कर दीजिए जब तक कि आप प्लानिंग कमीशन से साढ़े 5 सौ करोड़ रुपए न ला पाएं। सर, इस तरह का टोकनिज्म, इस तरह का दिखावा उर्दू के साथ पिछले 60 वर्ष से हो रहा है। आप ने 60 वर्ष जो नहीं किया, उस से उर्दू को आप ने बेमौत मारा है और आज शायद वोटों की खातिर आप के दल में या किसी और खातिर कोई दर्द पैदा हुआ होगा। अब शायद आप कुछ करेंगे लेकिन आज भी आप कुछ नहीं कर रहे हैं, आप दिखावा कर रहे हैं। इस दिखावे को बंद कीजिए और बताइए कि आप को प्लानिंग कमीशन से पैसा कब तक मिलने वाला है और कब तक आप इस चैनल को ईमानदारी से चलाने वालें हैं ?

**شری شاہد صدیقی** : سر، مجھے پتہ نہیں جو 11 لوگ لئے گئے ہیں، وہ اردو جانتے ہیں یا نہیں، لیکن مجھے امید ہے کہ شاید جانتے ہوں گے۔ سر، اس چینل کی

† [ ] Transliteration in Urdu Script.

طرح سے اردو کا اپمان ہے۔ اس لئے آپ ا سے بند کر دیجئے جب تک کہ آپ پلاننگ کمیشن سے ساڑھے پانچ سو کروڑ روپے نہ لاپائیں۔ سر، اس طرح کا ٹوکنزم، اس طرح کا دکھاوا اردو کے ساتھ پچھلے 60 سال سے ہو رہا ہے۔ آپ نے 60 سال جو نہیں کیا، اس سے اردو کو آپ نے بے موت مارا ہے اور آج شاید ووٹوں کی خاطر آپ کے دل میں یا کسی اور خاطر کوئی درد پیدا ہوا ہوگا۔ اب شاید آپ کچھ کریں گے، لیکن آج بھی آپ کچھ نہیں کر رہے ہیں، آپ دکھاوا کر رہے ہیں۔ اس دکھاوے کو بند کیجئے اور بتائیے کہ آپ کو پلاننگ کمیشن سے پیسہ کب تک ملنے والا ہے اور کب تک آپ اس چینل کو ایمانداری سے چلانے والے ہیں؟

پلاننگ دو ڈھائی سال سے چل رہی تھی بلکہ ان کے زمانے میں، میں نے شری روی شنکر پرساد جی کو پرپوزل دیا تھا اور اس کے بعد بار بار ان سے ملا تھا۔ میں جاننا چاہتا ہوں کہ جب آپ پلاننگ کر رہے تھے اور دو ڈھائی تین سال کی پلاننگ کی بات ہم سے کہی گئی کہ تیاری ہو رہی ہے، لیکن آج آپ جو کچھ دکھا رہے ہیں، وہ اردو کے نام پر مذاق ہے، ایک چینل کے نام پر مذاق ہے اور یہ ایک

**श्री प्रियरंजन दास मुंशी :** सर, पहली बात तो मुझे बहुत अफसोस है यह कहने में कि उर्दू के बारे में हम लोगों ने जो शुरूआत कि ...( **व्यवधान**)...

**श्री शाहिद सिद्दिकी :** 60 साल बाद शुरूआत कर रहे हैं, पहले मार दिया ...( **व्यवधान**)...

**شری شاہد صدیقی:** 60 سال بعد شروع کر رہے ہیں، پہلے مار دیا...مداخلت...

**श्री प्रियरंजन दास मुंशी :** मुझे आप के गुस्से का कारण पूरा मालूम है, मैं उस के बारे में चर्चा नहीं करूंगा, लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि हमारी सरकार ने जो साहसिक कदम उठाया, वैसा कदम उर्दू संस्कृति, उर्दू कल्चर के बारे में शायद किसी सरकार ने नहीं सोचा। हम इस चैनल को सिर्फ टेंपरेरी नहीं बल्कि 24 घंटे के चैनल के रूप में अगले साल प्रस्तुत कर रहे हैं। सर, हरेक चैनल की तैयारी में कुछ टाइम चाहिए। आज से 60 साल पहले टेलिफोन नहीं था, इसलिए 60 साल की बात ...( **व्यवधान**)...

**श्री शाहिद सिद्दिकी :** आप ने 60 साल में उर्दू को मारा, मैं टी0वी0 की बात नहीं कर रहा हूं ...( **व्यवधान**).....

† [ ] Transliteration in Urdu Script.

**شری شاہد صدیقی**: آپ نے 60 سال میں اردو کو مارا، میں ٹی۔ وی۔ کی بات نہیں کر رہا ہوں۔...مداخلت...

**श्री प्रियरंजन दास मुंशी :** सभापति जी, आदरणीय सदस्य ने सवाल पूछा तो मुझे जवाब देने दीजिए ...( **व्यवधान**)...

**श्री शाहिद सिद्दिकी :** इसका मतलब है आप ने कोई तैयारी नहीं की ...( **व्यवधान**)... आपने चैनल शुरू क्यों किया जब तैयारी नहीं थी ...( **व्यवधान**)... 60 साल में उर्दू खत्म ,उर्दू टीचर खत्म ...( **व्यवधान**)... यह सच्चाई है, इसे हर उर्दू वाला जानता है।

**شری شاہد صدیقی**: اس کا مطلب ہے آپ نے کوئی تیاری نہیں کی...مداخلت...آپ نے چینل شروع کیوں کیا جب تیاری نہیں تھی...مداخلت...60 سال میں اردو ختم، اردو ٹیچر ختم...مداخلت... یہ سچائی ہے، اسے ہر اردو والا جانتا ہے۔

**श्री प्रियरंजन दास मुंशी :** सर, इस देश में भारत की ...( **व्यवधान**)...

**श्री शाहिद सिद्दिकी :** हमारी भाषा का कत्ल हुआ है ...( **व्यवधान**)... मेरी मातृभाषा का कत्ल हो रहा है ...( **व्यवधान**)... मैं सवाल क्यों नहीं करूंगा ...( **व्यवधान**)...

**شری شاہد صدیقی** : ہماری بھاشا کا قتل ہوا ہے...مداخلت...میری ماتر بھاشا کا قتل ہو رہا ہے...مداخلت...میں سوال نہیں کروں گا...مداخلت...

**श्री सभापति :** कृपया बैठिए, बैठिए ...( **व्यवधान**)...

**श्री प्रियरंजन दास मुंशी :** सर, आपके माध्यम से मैं आदरणीय सदस्य महोदय को सूचित करना चाहता हूं कि उर्दू की जुबान से पूरे देश का चमत्कार दिखाने के लिए अगर पहले किसी ने कोई कदम उठाया अपनी तकरीर में, तो हमारे देश के पहले प्रधान मंत्री पं0 जवाहर लाल नेहरू ने। ...( **व्यवधान**)... यह तो जानते होंगे ...( **व्यवधान**)... उर्दू के साथ कोई अन्याय नहीं हुआ, बल्कि जिस-जिस स्टेट में उर्दू सेकंड लैंग्वेज है या फर्स्ट लैंग्वेज है, उसकी पढ़ाई तकरीर के साथ सभी राज्य सरकारें कर रही हैं। जहां तक चैनल का सवाल है, मैं उनको कहना चाहता हूं कि वे अगर एक प्रोग्राम की सूचना दें कि फ्लां प्रोग्राम जो उर्दू चैनल में दिखाया, वह गलत है, उर्दू लैंग्वेज के लिए, तो मैं ...( **व्यवधान**)...

† [ ] Transliteration in Urdu Script.

**श्री शाहिद सिद्दिकी** : नजर ही कहीं नहीं आता ...( **व्यवधान**)...

**شری شاہد صدیقی**: نظر ہی کہیں نہیں آتا...مداخلت...

**श्री सभापति** : आप बैठिए, बैठिए ...( **व्यवधान**)...

**श्री शाहिद सिद्दिकी** : आज वह चैनल कहीं दिखाई नहीं देता ...( **व्यवधान**)... कहीं दिखाई नहीं देता ...( **व्यवधान**)...

**श्री सभापति** : आप बैठिए तो सही। ...( **व्यवधान**)...

**श्री शाहिद सिद्दिकी** : आप उसकी मार्केटिंग नहीं कर रहे हैं ...( **व्यवधान**).... You want that to die away. The fact is that you are not sincere about Urdu channel

**شری شاہد صدیقی**: آپ اس کی مارکٹنگ نہیں کر رہے ہیں...مداخلت...

SHRI PRIYARANJAN DASMUNSI: I would only like to say that we are not only sincere about the channel, but also ensure that the quality of the channel to be good so that every country would be appreciative of it एक-एक चैनल के लिए सौफ्टवेयर की जरूरत होती है। हमारे इस चैनल के लिए इतना सौफ्टवेयर नहीं था, जिसके कारण इन हाउस प्रोग्राम, आउट सोर्सिंग छोड़ कर हम अपना प्रोग्राम करें ...( **व्यवधान**)... और हमने उसकी शुरूआत 40 करोड़ रुपये से की। मैं कह रहा हूं कि पूरी पंचवर्षीय योजना में 550 करोड़ रुपए मिलने के बाद हमारा चैनल इस सब कंटिनेंट का नम्बर वन चैनल बन कर उभरेगा ...( **व्यवधान**)... आप भरोसा रखिए।

**श्री सभापति** : श्री मुख्तार अब्बास नकवी।

**श्री मुख्तार अब्बास नकवी** : आदरणीय सभापति महोदय, हम सब को याद है कि इस सदन में जब उर्दू चैनल के लाँच की घोषणा माननीय मंत्री जी ने की थी, तो बहुत अच्छे से उर्दू शब्दों का इस्तेमाल किया था, उसको रट कर के, उसकी घोषणा के साथ-साथ काफी कुछ कहा था कि हमको इस बात का गर्व है कि हम एक उर्दू चैनल शुरू कर रहे हैं ...(**व्यवधान**)... फख्र है ...(**व्यवधान**)... लेकिन अफसोस की बात है कि आज उर्दू चैनल किन राजनीतिक कारणों से शुरु हुआ, उसके पीछे क्या उद्देश्य था, यह तो पता नहीं , लेकिन उर्दू जानने वालों के लिए उर्दू चैनल

† [ ] Transliteration in Urdu Script.

नहीं दिख रहा है । मुझे याद है कि जब श्रीमती सुषमा स्वराज जी सूचना एवं प्रसारण मंत्री थीं, तो उस समय उर्दू चैनल, किसान चैनल और तमाम चैनलों के बारे में यह कार्यक्रम चला था । उस समय सुषमा जी ने प्राथमिकता दी थी कि इसके लिए पैसे होने चाहिए, इसके लिए पर्याप्त स्टाफ़ होना चाहिए और कार्यक्रम होने चाहिए ।

**श्री सभापति :** आप क्वैश्चन करिए **...(व्यवधान)...** क्वैश्चन करिए **...(व्यवधान)...**

**श्री मुख्तार अब्बास नकवी :** मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि इतनी सुन्दर, इतनी लुभावनी घोषणा जो उर्दू चैनल के बारे में की थी, तो उस घोषणा के बाद कौन-कौन से कार्यक्रम उर्दू चैनल पर आ रहें हैं और वे कहां-कहां दिख रहें हैं तथा क्या कभी आपने भी उन कार्यक्रमों को देखा है ?

**श्री सभापति :** आप इन्हें नोटिस दीजिए । नोटिस देने से सूचनाएं इकट्ठी होंगी **...(व्यवधान)...**

**श्री शाहिद सिद्दिकी :** सर, सह सवाल से जुड़ा हुआ है **...(व्यवधान)...**

**شری شاہد صدیقی:** سر یہ سوال سے جڑا ہوا ہے...مداخلت...

**श्री प्रियरंजन दास मुंशी :** सर, मैं माननीय मैम्बर को आश्वस्त करना चाहता हूं । सुषमा जी को भी मालूम है कि उर्दू चैनल सैटेलाइट नेटवर्क से केबल टी0बी0 के द्वारा घरों में पहुंचता है । हमने सब को उपलब्ध कराने के लिए डी0टी0एच0 में इसका बुके डाल दिया है । डी0टी0एच0 के 50 बुके में एक उर्दू चैनल रहेगा, ताकि सब के घरों में पहुंचे, जिनके यहां डी0टी0एच0 है । पहली बात तो यह है । दूसरी बात, जहां तक आपने इसके विस्तार के बारे में सवाल किया, तो अभी तक इस पर प्राइम बैंड में मैनडेटरी ऑर्डर नहीं हुआ है **...(व्यवधान)...**

**श्री मुख्तार अब्बास नकवी :** मैंने पूछा कि कार्यक्रम क्या है **...(व्यवधान)...**

**श्री प्रियरंजन दास मुंशी :** आप सुनिए, सुनिए **...(व्यवधान)...** मुझे बोलने दीजिए **...(व्यवधान)...**

**श्री मुख्तार अब्बास नकवी :** आप गलत जवाब दे रहे हैं । मैंने विस्तार नहीं पूछा **...(व्यवधान)...**

**श्री प्रियरंजन दास मुंशी :** मैं तो वही कह रहा हूं **...(व्यवधान)...** क्या आपको जवाब सुनने में इंटरेस्ट नहीं है **...(व्यवधान)...**

---

† [ ] Transliteration in Urdu Script.

**श्री मुख्तार अब्बास नकवी :** आपके कार्यक्रम क्या हैं और आपने लांच करने के वक्त से लेकर अब तक क्या दिखाया है ? **...(व्यवधान)...**

**श्री प्रियरंजन दास मुंशी :** मैंने मुख्तार दि अब्बास नकवी जी को शेर-शायरी से लेकर संवाद पहुंचने का **...(व्यवधान)...** वह भी देखाएंगे। आप घबराइए मत। लेकिन मैं कहना चाहता हूं, सर, कि मैं अगली फर्स्ट जनवरी से इसको मैनडेटरी प्राइम बैंड में डिक्लेयर कर रहा हूं ताकि घर-घर पहुंचे **...(व्यवधान)...**

**श्री मुख्तार अब्बास नकवी :** क्या चारों राज्यों में चुनाव से पहले यह कर देंगे ? **...(व्यवधान)...**

**श्री प्रियरंजन दास मुंशी :** अगर हर चीज को चुनाव से सम्बद्ध करेंगे **...(व्यवधान)...** तो देश की संस्कृति का अपमान होगा। **...(व्यवधान)...**

SHRIMATIJAYA BACHCHAN: Sir, I would like to ask the hon. Minister, through you, *...(Interruptions)...* मंत्री जी से बढ़िया उर्दू तो मैं बोल ही लेती हूं, आपको तकलीफ नहीं दूंगी।

**श्री एस0 एस0 अहलुवालिया :** आप बंगला में पूछ लीजिए।

**श्रीमती जया बच्चन :** मंत्री जी कह रहे हैं कि उर्दू को उन्होने,जब से आजादी मिली है तब से रिकग्निशन दिया है। मैं यह जानना चाहती हूं कि जब इन्होंने दूरदर्शन के द्वारा तरह-तरह के चैनल्स शुरू किए, उस वक्त इन्होंने उर्दू चैनल के बारे में क्यों नहीं सोचा और आज इसके बारे में क्यों सोचा है ? मैं यह भी जानना चाहती हूं कि क्या इनके लिए उर्दू का महत्व एकदम से, suddenly, बहुत ज्यादा important हो गया है ? मेरा कहना है कि दूरदर्शन के किसी भी कार्यक्रम में उर्दू को कोई महत्व नहीं दिया जाता।

**श्री प्रियरंजन दास मुंशी :** सर, दूरदर्शन में उर्दू की संभावना, उर्दू खबरनामा आज से नहीं, बहुत दिन पहले से चल रहा है।

**श्री शाहिद सिद्दिकी :** बंद कर दिया था, बीच में बंद कर दिया था।

**شری شاہد صدیقی:** بند کر دیا تھا، بیچ میں بند کر دیا تھا۔

† [ ] Transliteration in Urdu Script.

**श्री प्रियरंजन दास मुंशी :** जहां तक उर्दू के सेलेक्टिड चैनल की बात है, इसे 15 अगस्त, 2006 को हमने शुरू किया । इसका मतलव यह नहीं कि इसके पीछे कोई राजनीतिक उद्देश्य था, इसको करने का मतलब सिर्फ यह था कि इस देश के 50 मिलियन लोग, हमारे साथी, उर्दू स्पीकिंग हैं या उर्दू लैंग्वेज के साथ ताल्लुक रखते हैं, उन लोगों ने बार-बार खत लिखा कि उर्दू का अलग एक चैनल सिर्फ इस मुल्क के लिए ही नहीं बल्कि पड़ोस में भी इस देश की संस्कृति को पहुंचाने के लिए जरूरी है । इसको मद्देनजर रखते हुए हमने इसे आजादी के दिन से शुरू किया और इसके विस्तार के काम में हम लगे हुए हैं । मैं जया जी को इतना कहना चाहता हूं कि हमारे कार्यक्रम दुवई में सेटेलाइट के द्वारा , DD India का जो International circuit है, उसमें इतने पसंद हुए कि उन्होंने लिखा कि इसे 24 ऑवर्स के लिए चालू कीजिए । 24 ऑवर्स की योजना मैं अगले साल से कर रहा हूं ।

**श्री अमर सिंह :** मगर आजादी के 50 साल तक आपने क्यों नहीं किया, एकाएक क्यों किया ? ...(**व्यवधान**)... चिल्लाइए मत, हम लोग भी चिल्ला सकते हैं ।

MR. CHAIRMAN: Question No. 323.

**NOC for allotment of Lignite Blocks**

*323. SHRI GIREESH KUMAR SANGHI:
SHRI SANTOSH BAGRODIA. †

Will the PRIME MINISTER be pleaed to state:

(a) the reasons for which 'No Objection Certificate' is required from Neyveli Lignite Corporation (NLC) for allotment of Lignite Block when, NLC is also a mining company and restricted to Tamil Nadu State only;

(b) whether Government have any plan to withdraw this NOC system; and

(c) if so. by when?

THE MINISTER, OF STATE IN THE MINISTRY OF COAL (DR. DASARI NARAYAN RAO): (a) to (c) A Statement is laid on the Table of the House.

---

††The question was actually asked on the floor of the House by Shri Santosh Bagrodia